उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर,

लखनऊ – 226010

संख्या :- 15 /12/कम्प्यूटर- अनुभाग-12/2018/02-परीक्षा/2018

लखनऊ : दिनांक : 18 मार्च , 2020

आवश्यक सूचना

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ के विज्ञापन संख्या-02-परीक्षा/2018 द्वारा विज्ञापित सम्मिलित ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी (स०क०) एवं समाज कल्याण पर्यवेक्षक (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा 2018 के अंतर्गत विज्ञापित ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी (स०क०) एवं समाज कल्याण पर्यवेक्षक के कुल रिक्त 1953 पदों पर भर्ती के लिए सम्पन्न लिखित परीक्षा के आधार पर अभिलेखादि के परीक्षण/सत्यापन हेतु अर्ह पाये गये 1553 अभ्यर्थियों के अभिलेखादि परीक्षण से संबन्धित आयोग की सूचना सं0-11/सूचना/12/कम्प्यूटर- अनुभाग-12/2018/02-परीक्षा/2018 , दिनांक-29-02-2020 का संदर्भ ग्रहण करें।

उक्त से संबन्धित ऐसे समस्त अभ्यर्थियों जिनका अभिलेख सत्यापन/परीक्षण **दिनांक-19-03-2020 से 02-04-2020 तक** के मध्य आयोजित किया जाना निर्धारित है, उन अभ्यर्थियों का अभिलेख परीक्षण /सत्यापन **कोरोना वायरस के संक्रमण** से संबन्धित **COVID-19** बीमारी से बचाव व रोकथाम के दृष्टिगत एतदद्वारा स्थगित किया जाता है किन्तु संबन्धित अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि **उक्त तिथियों के मध्य, जिन अभ्यर्थियों का अभिलेख सत्यापन/परीक्षण होना था वे अपना Document Verification Letter व अन्य प्रपत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर रख लें**। ऐसे समस्त अभ्यर्थियों को अभिलेख परीक्षण/सत्यापन की पुनःनिर्धारित तिथियों से आयोग की वेबसाइट के माध्यम से यथासमय पृथक से सूचित किया जायेगा।

उपर्युक्त के अतिरिक्त वे अभ्यर्थी जिनका अभिलेख परीक्षण/सत्यापन का कार्यक्रम दिनांक-03-04-2020 से 02-06-2020 तक निर्धारित है उन समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उनके अभिलेख सत्यापन/परीक्षण का कार्यक्रम यथावत रहेगा।

परीक्षा नियंत्रक,
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।